# University in News on 07 March 2021

AMAR UJALA MY CITY PAGE 2 & 7

## इंसानियत का काम करने वाले हमेशा याद रखे जाते हैं : आरिफ

### शिया पीजी कॉलेज में 'हजरत अली और मानवता' विषयक संगोष्ठी में बोले केरल के राज्यपाल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। इंसानों की फितरत होती है कि वो खुदगर्ज होते हैं। वे यूं ही सबको याद नहीं रखते हैं। जो चीजें इंसान को फायदा पहुंचाती हैं, उसे हम लंबे समय तक याद रखते हैं। इंसानियत का काम करने वाले हमेशा याद रखे जाते हैं।

ये बातें केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद ने शनिवार को शिया पीजी कॉलेज में आयोजित 'हजरत अली और मानवता' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि ये इल्म, अक्ल और शऊर की दुनिया है। हजरत अली इल्म का समंदर हैं। उनकी बताई हुई शिक्षाएं आज भी मानवता को प्रेरित कर रही हैं। विशिष्ट अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय का अर्थ सिर्फ उच्च शिक्षा की डिग्री देना नहीं है बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।



शिया पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी में मौजूद केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद, लविवि कुलपति आलोक रॉय व अन्य।

कार्यक्रम को शिया कॉलेज के सचिव मौलाना यासूब अब्बास, बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज शिया कॉलेज के अध्यक्ष प्रो. अजीज हैदर, शिया कॉलेज के अध्यक्ष मौलाना हमीदुल हसन आदि ने संबोधित किया। दूसरे सत्र को रूहेलखंड तथा आगरा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मोहम्मद मुजम्मिल, शिया पीजी कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मोहम्मद मियां, डॉ. सरवत तकी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में राजकुमार, मोहम्मद आमिर नकी खां, डॉ. अनवर रिजवी, डॉ. एसएसएच तकवी, मोजिज रिजवी, डॉ. इशरत हुसैन समेत शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

## लविवि : लॉ के पहले सेमेस्टर की परीक्षा 15, बीकॉम की 16 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की लॉ तीन वर्षीय व ऑनर्स की पहले सेमेस्टर की नियमित, बैक पेपर व इकजंप्टेड परीक्षाएं 15 मार्च से शुरू हो रही हैं। इसी तरह बीकॉम ऑनर्स के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 मार्च और बीबीए की परीक्षाएं 13 मार्च से शुरू होंगी। परीक्षा में लगभग 10 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। विवि प्रशासन ने शनिवार को परीक्षा केंद्रों की सूची भी जारी कर दी है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार लॉ तीन वर्षीय व ऑनर्स की पहले सेमेस्टर की परीक्षा 23 मार्च तक आयोजित होंगी। इसमें 6000 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 9 से 10.30 बजे तक और दूसरी पाली में 3 से 4.30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। इसके लिए लविवि न्यू कैंपस, शिया पीजी कॉलेज, जेएनपीजी कॉलेज, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लॉ कॉलेज, गीता लॉ कॉलेज, लखनऊ लॉ कॉलेज, मुमताज पीजी कॉलेज, नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज, मां वैष्णो देवी लॉ कॉलेज, यूनिटी डिग्री कॉलेज, हीरालाल यादव लॉ कॉलेज, रेडियंट कॉलेज ऑफ लॉ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

**बीकॉम के लिए 4 केंद्र :** बीकॉम ऑनर्स पहले सेमेस्टर की नियमित, बैक पेपर व इकजंप्टेड परीक्षाओं के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं। इसमें लविवि पुराना कैंपस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गर्ल्स कॉलेज, रजत पीजी कॉलेज, गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज शामिल हैं। परीक्षा 26 मार्च तक सुबह की पाली में 9 से 10 बजे तक होगी।

**बीबीए की परीक्षाएं 25 मार्च तक :** बीबीए, बीबीए आईबी, बीएमएस के पहले सेमेस्टर की नियमित, बैक पेपर व इकजंप्टेड परीक्षाएं 25 मार्च तक होंगी। परीक्षा दोपहर 2 से 3 बजे तक लविवि न्यू कैंपस, जेएनपीजी, कालीचरण डिग्री कॉलेज, कॅरियर कॉन्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज, रजत पीजी कॉलेज, लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज को केंद्र बनाया गया है।

## विद्यार्थियों को किया सम्मानित

लखनऊ। यूको बैंक अंचल कार्यालय और लखनऊ विवि के हिंदी विभाग के तत्वावधान में राजभाषा के प्रोत्साहन और संवर्धन के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान में बैंकों की भूमिका विषय पर अखिल भारतीय जीडी बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस शृंखला में बैंक के अंचल प्रबंधक ओपी वर्मा ने हिंदी विभाग में सर्वोच्च अंक पाने वाले मेधावी शोभित द्विवेदी और अनुराधा दुबे को सम्मानित किया। लविवि के पूर्व डीन प्रो. डॉ. ए मोहन, प्रो. रमेश दीक्षित, बैंक के एजीएम सौरभ सिंह और शाखा प्रबंधक एनपी सिंह ने संबोधित किया।



VoL PAGE 3

## परीक्षा केंद्र घोषित

लखनऊ।लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालय में संचालित बीबीए, बीब, (आईबी), बीएमएस की सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र घोषित किए गए है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि इन विषयों की परीक्षाएं शहर के सात केंद्रों पर आयोजित होगी। इसके अलावा बीकॉम आनर्स की सेमेस्टर परीक्षा चार केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

HINDUSTAN PAGE 8

## एलएलबी की परीक्षा 15, बीसीए की 16 से

एलयू

लखनऊ | निज संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षा का सिलसिला शुरू होने वाला है। परीक्षा केंद्र भी तय कर दिए गए है। इसके अलावा परीक्षा की तारीख भी तय हो गई है। एलएलबी प्रथम सेमेस्टर 15 से 27 मार्च के बीच सात पेपर की परीक्षा होगी। बीसीए और बीटेक के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 मार्च से होंगी। बीबीए की परीक्षाएं 13 से 25 मार्च तक होंगी।

एलएलबी के लिए 13 और बीबीए के लिए सात केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रों की सूची एलयू की वेबसाइट पर है।

### ये है परीक्षा कार्यक्रम

**बीटेक प्रथम सेमेस्टर**

16 मार्च : इंजीनियरिंग मैथमैटिक्स-1
18 मार्च : इंजीनियरिंग फिजिक्स-1
20 मार्च : बेसिक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/ एलिमेंट आफ मेकेनिकल इंजीनियरिंग
22 मार्च : बेसिक इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग / इंजीनियरिंग केमेस्ट्री
24 मार्च : प्रोफेशनल कम्यूनिकेशन / कम्प्यूटर सिस्टम एंड प्रोग्रामिंग इन सी

**बीसीए प्रथम सेमेस्टर**

16 मार्च : एसेंशियल ऑफ प्रोफेशनल कम्युनिकेशन
18 मार्च : प्रिंसिपल आफ मैनेजमेंट
20 मार्च : मैथमैटिक्स-1
22 मार्च : कम्प्यूटर फंडामेंटल्स एंड प्रोग्रामिंग इन सी 24 मार्च : फंडामेंटल्स आफ एन्वायरमेंटल साइंस



**एमबीए प्रथम सेमेस्टर**

(बैक पेपर ओल्ड कोर्स)

10 मार्च : क्वांटिटेटिव मैथेड्स बिजनेस
12 मार्च : बिजनेस एनवायरमेंट
13 मार्च : एसेंशियल आफ मैनेजमेंट
15 मार्च : मैनेजरल इकोनामिक्स
16 मार्च : कम्यूनिकेटिव इंग्लिश
17 मार्च : ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट
19 मार्च : मार्केटिंग मैनेजमेंट
22 मार्च : फाइनेंशियल एकाउंटिंग

### बीकॉम के परीक्षा केंद्रों की भी घोषणा की गई

एलयू ने बीकॉम ऑनर्स सेमेस्टर परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की घोषणा कर दी। परीक्षा नियंत्रक आनंद मुरारी सक्सेना ने बताया कि ओल्ड कैंपस का सेंटर वहीं पर रहेगा जबकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शेरवुड अकादमी, कालीचरण, सिटी वूमंस कॉलेज और स्टाफ कोऑपरेटिव एंड कॉरपोरेट मैनेजमेंट के बच्चे एग्जाम दे सकेंगे। रजत पीजी गर्ल्स कॉलेज में संस्थान के छात्रों के साथ सीटी एकेडमी, गोयल इंस्टीट्यूट, टेक्नो इंस्टीट्यूट, मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज और रामा डिग्री कॉलेज के छात्र परीक्षा देंगे। गुरु नानक गर्ल्स डिग्री में लखनऊ पब्लिक कॉलेज, हीरालाल यादव डिग्री कॉलेज, केकेसी, दयाल ग्रुप और स्कूल आफ मैनेजमेंट साइंस के छात्र परीक्षा देंगे।